# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 27.04.2025

**1.थाना बीटा 2 पुलिस द्वारा कैश कलैक्शन एजेंट से लूट करने वाले वांछित/15000 रुपये का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटर साईकिल व अवैध शस्त्र बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण--** थाना बीटा 2 पुलिस द्वारा **दिनांक 27.04.2025** को अभियुक्त विनय पुत्र सोमदत्त को डाढा गोलचक्कर सर्विस रोड थाना क्षेत्र बीटा-2 से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की इंजन बदली हुई स्पलेन्डर मोटर साइकिल नं0 यूपी 21 क्यू 2555 व एक अवैध तमंचा मय एक कारतूस जिन्दा .315 बोर बरामद हुआ है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** अभियुक्त शातिर किस्म का लुटेरा है जिसने अपने सह-अभियुक्त रामकिशोर, सचिन, सुमित व उपदेश के साथ मिलकर आपराधिक षडयंत्र रच कर रेकी करके दिनांक 07.10.2024 को रैडिएन्ट कम्पनी वैनिश मॉल में कैश कलैक्शन का काम करने वाले एजेंट जो कैश कलैक्शन करके पी-3 सर्विस रोड से जा रहा था तभी अभियुक्तो द्वारा मिलकर थाना बीटा-2 क्षेत्र से चोरी की गयी आई-10 कार से एजेंट की मोटर साइकिल में टक्कर मारी जिससे वादी मोटर साइकिल से गिर गया और अभियुक्तगण कार को लेकर आगे निकल गये, कुछ ही देर बाद अभियुक्तगण उक्त कार को लेकर पुनः वापस आये व वादी के कंधे पर लटके बैग जिसमें कैश कलैक्शन के 07,84,600 रूपये व वादी के आधार कार्ड, पैन कार्ड की छायाप्रतियाँ मौजूद थी, को लूटकर भाग गये थे। अभियुक्तों सह- अभियुक्तो को लूट के रुपयो के साथ पूर्व मे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--**

1. विनय पुत्र सोमदत्त निवासी ग्राम लडपुरा थाना कासना जिला गौतमबुद्धनगर

**आपराधिक इतिहास का विवरण--**

1. मु0अ0सं0 446/24 धारा 281/125ए/309(4)/317(2) बीएनएस थाना बीटा 2 गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 427/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना बीटा 2 गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0 62/24 धारा 379/411 भादवि थाना बीटा 2 गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0 184/25 धारा 318(4)/317(4)बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बीटा 2 गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**

1. मोटर साइकिल स्पलेन्डर नं0 यूपी 21 क्यू 2555 चोरी की इंजन बदली हुई
2. 01 तमंचा .315 बोर 01 जिंदा कारतूस